राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

माननीय उपराष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के साथ 'कोविड–19' को लेकर हुए वर्चुअल संवाद बैठक में राज्यपाल ने भाग लिया

पटना, 14 अप्रैल 2021

माननीय उपराष्ट्रपति श्री एम॰ वेंकैया नायडु एवं माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के साथ 'कोविड–19' को लेकर हुए 'वर्चुअल संवाद' में बिहार के माननीय राज्यपाल श्री फागू चौहान ने भी राजभवन, पटना से भाग लिया।

उक्त बैठक में केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह, केन्द्रीय रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह एवं केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ॰ हर्षवर्द्धन सहित देश के सभी राज्यों के राज्यपालों ने भाग लिया।

बैठक के बाद राज्यपाल श्री चौहान ने कहा कि माननीय उपराष्ट्रपति एवं माननीय प्रधानमंत्री जी के मार्ग–दर्शन के अनुरूप राज्य में 'कोविड–19' से निबटने के क्रम में जन–भागीदारी एवं जन–सहभागिता सुनिश्चित करायी जायेगी। राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस सोसाइटी, एन॰सी॰सी॰, एन॰एस॰एस॰ एवं अन्य सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों के अतिरिक्त विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों से भी विमर्श करते हुए 'कोविड–19' से बचाव के क्रम में जन–जागृति लाने के भरपूर प्रयत्न किए जायेंगे। राज्यपाल ने कहा कि शारीरिक दूरी बनाये रखने, मास्क के साथ–साथ स्वच्छता बनाये रखने तथा कोविड–टीकाकरण के प्रति जन–जागृति लाने के लिए हर स्तर पर प्रयास होंगे। राज्यपाल ने कहा कि 17 अप्रैल, 2021 को आयोजित होनेवाली सर्वदलीय बैठक में प्राप्त सुझावों पर भी गंभीरता से अमल होगा। राज्यपाल ने 'कोविड–19' के मौजूदा संकट के मद्देनजर केन्द्र एवं राज्य सरकार के प्रयासों के प्रति संतोष व्यक्त किया।

आज सम्पन्न उक्त वर्चुअल बैठक के समय राजभवन में स्वास्थ्य विभाग के प्रधान सचिव श्री प्रत्यय अमृत एवं राज्यपाल के सचिव श्री रॉबर्ट एल॰ चोंग्थू भी उपस्थित थे।

....